# फागण में खाटू बुलवाया | By Arwinder Singh Ginny

रंग रंगीला फागण का फिर मेला आया है
भेज के खर्चा बाबा ने खाटू बुलवाया है
चला मैं खाटू श्याम संदेसा जबसे पाया है
भेज के खर्चा बाबा ने खाटू बुलवाया है

खूब धमाल मचाएंगे हम खाटू में जाकर
फागण की मस्ती लूटेंगे रंग गुलाल उड़ा कर
यही सोच कर खाटू का ये टिकट कटाया है
भेज के खर्चा बाबा ने खाटू बुलवाया है

श्याम ध्वजा रींगस से लेकर पैदल हम जायेंगे
जय श्री श्याम जयकार लगाके भजनो को गाएंगे
तन मन पे खाटू वाले का नशा सा छाया है
भेज के खर्चा बाबा ने खाटू बुलवाया है

खेलेंगे जमकर के होली सांवरिया के संग में
रंगेंगे श्याम को खुद रंग जाएँ श्याम धणी के रंग में
गिन्नी का सच सपना ये बाबा ने कराया है
कुंदन का सच सपना ये बाबा ने कराया है
भेज के खर्चा बाबा ने खाटू बुलवाया है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ab%e0%a4%be%e0%a4%97%e0%a4%a3-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%ac%e0%a5%81%e0%a4%b2%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%af%e0%a4%be-by-arwinder-singh-ginny/